# रक्तदाता हैं समाज के असली हीरो : जितेंद्र कुमार

## अग्रवाल कॉलेज में लगे शिविर में 288 यूनिट रक्त एकत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**अग्रवाल** महाविद्यालय के दोनों संभागों में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट व भारतीय चिकित्सक संघ फरीदाबाद के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करें, जीवन बचाएं कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिविर के संरक्षक व आयोजक डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर शुरू से ही महाविद्यालय की एक नियमित विशेषता रही है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 288 रक्त यूनिट एकत्रित किए गए। उनका कहना था वही लोग खामोश रहते हैं, जमाने में जिनके कर्म बोलते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों और उल्लेखनीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने इस शिविर के आयोजन में अथक प्रयास करने वाले वाईआरसी, आरआरसी, एनएसएस और एनसीसी के सभी आयोजकों और प्रभारियों को शुभकामनाएं दीं।



बल्लगढ़ स्थित अग्रवाल कालेज में आयोजित शिविर में रक्तदान करते विद्यार्थी।

मुख्य अतिथि जितेंद्र यादव, जिला उपायुक्त, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने सम्भाषण में कहा कि समाज में असली हीरो वे ही हैं जो दूसरों के लिए रक्तदान करते हैं और इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक मात्रा में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत अपने घर से होती है।

लोग बदलेंगे, समाज बदलेगा और देश बदलेगा। सेवा करने से ही मेवा प्राप्त होती है। छात्र छात्राओं को अच्छे कर्म करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके वक्तव्य में कहा गया कि शैक्षणिक संस्थान ईंट, पत्थरों से बने भवनों से शोभायमान नहीं होते, उनकी शोभा विद्यार्थियों और शिक्षक वर्ग से होती है। उनके द्वारा उच्च विचारों से सामाजिक परिवर्तन व देश परिवर्तन की बात कही गयी। डॉ. वासुदेव गुप्ता, समाजवादी और उपाध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा बल्लभगढ़ ने विशाल रकदान शिविर कार्यक्रम की प्रशंसा की।

उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं को रक्तदान करने की सलाह दी। इस अवसर पर मनीष नरवाल, अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक शूटर को एक लाख इक्यावन हज़ाररूपये देकर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा सम्मानित किया गया। इस शिविर में योगदान करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, सीएमओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने विचारों से अवगत करते हुए कहा कि हमें रक्तदान बार-बार करना चाहिए। यह शरीर के लिए बेहद जरुरी है।